ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

# GRADE 3

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 30

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एच बी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णत: **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश: इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

   (A) शारदा (B) फ़ारसी
   (C) गुरुमुखी (D) देवनागरी

2. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'र' की मात्रा का प्रयोग **नहीं** हुआ है?

   (A) कृपा (B) धर्म
   (C) ट्रक (D) ग्रह

3. 'खुशबू' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–

   (A) ख् + ऊ + श् + अ + ब् + ऊ (B) ख् + उ + श् + अ + ब् + ऊ
   (C) ख् + उ + श् + अ + ब् + उ (D) ख् + ऊ + श् + अ + ब + ऊ

4. कौन-सा शब्द संज्ञा है?

   (A) बेईमान (B) देखना
   (C) अच्छा (D) प्यार

5. 'ह् + आ + र् + द् + इ + क् + अ' वर्णों को मिलाकर बना सही शब्द है–

   (A) हार्दिक (B) हारदिक
   (C) ह्रादिक (D) हार्दीक

6. निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग नाम बताने के लिए होता है?

   (A) संज्ञा (B) सर्वनाम
   (C) विशेषण (D) क्रिया

7. 'मैं + को' से मिलकर बना सही सर्वनाम शब्द है–


   (A) मैंको (B) मेरे को
   (C) मुझको (D) हमको

8. 'ऊँचाई' शब्द से बना विशेषण शब्द है–

(A) उच्च (B) उच्चता

(C) ऊँच (D) ऊँचा


9. 'शिक्षक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है–




(A) शिक्षका (B) शिक्षिता

(C) शिक्षिका (D) शिक्षिक

10. 'चुहिया' शब्द का बहुवचन रूप है–



(A) चुहियाँ (B) चुहियाएँ

(C) चुहियें (D) चुहियाओं

11. किस वाक्य में रेखांकित शब्द क्रिया **नहीं** है?

(A) मैं आज दिन भर <u>घूमा</u>।

(B) मैंने अनेक स्थान <u>देखे</u>।

(C) <u>खेलने</u> के लिए अनेक खिलौने खरीदे।

(D) शाम को मैं घर वापस <u>आया</u>।

12. 'उसने बगीचे से सुमन तोड़ा।' वाक्य के लिए रेखांकित शब्द का सही पर्याय होगा–



(A) कली (B) कुसुम

(C) सौरभ (D) फूल

13. 'मैं प्रतिदिन बाग में टहलता हूँ।' वाक्य के रेखांकित शब्द का सही पर्याय प्रयोग निम्नलिखित किस वाक्य में नहीं हुआ है?

(A) मैं प्रतिदिन बगीचे में टहलता हूँ।

(B) मैं प्रतिदिन बागवानी करता हूँ।

(C) मैं प्रतिदिन वाटिका में टहलता हूँ।

(D) मैं प्रतिदिन उपवन में टहलता हूँ।

14. 'मीठा' शब्द का विलोम है–

(A) खट्टा (B) तीखा

(C) मिठास (D) खटाई

15. कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?

(A) कीमती (B) धनुष

(C) प्राण (D) प्यार

16. 'मोची' शब्द का अर्थ बतानेवाला वाक्यांश है–

(A) जो जूते बेचता है
(B) जो जूते पहनता है
(C) जिसके पैर में मोच आ गई हो
(D) जो जूते सिलता और बनाता है

17. 'नाक में दम होना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) नाक बहना
(B) जुकाम होना
(C) बहुत परेशान होना
(D) नाक से खून बहना

18. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(A) हमारा घर में तीन कमरा हैं।
(B) हमारी घर में तीन कमरे हैं।
(C) हमारा घर में तीन कमरे हैं।
(D) हमारे घर में तीन कमरे हैं।

19. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(A) प्रश्न
(B) स्वर्ग
(C) इस्कूल
(D) प्रिय

20. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है?

(A) उशा
(B) पुष्प
(C) विग्यान
(D) पथ्थर

21. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(A) आप मेरे साथ चलिए।
(B) मुझे कुछ किताबें चाहिए।
(C) मेरे को भी अपने साथ ले चलो।
(D) बाज़ार में बहुत भीड़ है।

22. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(A) मैंने तो अपने घर जाना है।
(B) अब मैं जाना चाहती हूँ।
(C) हम तो चाय पी लिए हैं।
(D) बच्चे छत में खेल रहे हैं।

23. 'अड़सठ' का अंकों में लिखा सही रूप है–

(A) 58
(B) 68
(C) 78
(D) 48

24. '21' अंक का शब्दों में लिखा सही रूप है–

(A) इक्कीस (B) एकवीस

(C) इकत्तीस (D) इनमें से कोई नहीं

25. किस मराठी योद्धा के नाम के पहले 'छत्रपति' लगाया जाता है?

(A) बाजीराव के (B) ताँत्या टोपे के

(C) बालाजी विश्वनाथ के (D) शिवाजी के

26. निम्नलिखित में से कौन-सा नाम क्रिकेट खिलाड़ी का नहीं है?

(A) 
गुंडप्पा विश्वनाथ

(B) 
डेविड वार्नर

(C) 
पी०वी० सिंधू

(D) 
विराट कोहली

27. 'गेटवे ऑफ़ इंडिया' भारत के किस शहर में है?

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

बहुत समय पहले की बात है, सुंदर-वन में श्वेतू नामक एक बूढ़ा खरगोश रहता था। वह इतनी अच्छी कविताएँ लिखता था कि सारे जंगल के पशु-पक्षी उन्हें सुनकर दाँतों तले उँगली दबा लेते थे। इसी कारण जंगल का राजा शेर भी उसका आदर करता था। एक दिन वह बड़े सवेरे खाने की तलाश में निकला। उसने सड़क के किनारे जामुन के पेड़ देखे। बड़े-बड़े, काले, रसीले जामुनों को देखकर श्वेतू के मुँह में पानी आ गया।



28. बूढ़ा खरगोश कहाँ रहता था?

(A) जंगल में (B) पहाड़ों में

(C) सुंदर-वन में (D) नदी किनारे

29. सारे पशु-पक्षी किस बात के लिए दाँतों तले उँगली दबा लेते थे?

(A) खरगोश बहुत सुंदर गाता था।

(B) खरगोश बहुत होशियार था।

(C) खरगोश मीठी-मीठी बातें करता था।

(D) खरगोश बहुत अच्छी कविताएँ लिखता था।

30. श्वेतू के मुँह में पानी क्यों आ गया?

(A) जामुन के पेड़ देखकर

(B) बड़े-बड़े, काले, रसीले जामुन देखकर

(C) मीठे-मीठे गुलाबजामुन देखकर

(D) रसीले आम देखकर

GRADE
3

हिंदी